प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस. मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
Department of Communication, Central Office, S.B.S. Marg, Fort, Mumbai - 400 001
फोन/Phone: 022 - 2266 0502

30 अगस्त 2022

2022-23 की पहली तिमाही के लिए अखिल भारतीय आवास मूल्य सूचकांक (एचपीआई)

आज, भारतीय रिज़र्व बैंक ने दस प्रमुख शहरों (अर्थात, अहमदाबाद, बेंगलुरु, चेन्नई, दिल्ली, जयपुर, कानपुर, कोच्चि, कोलकाता, लखनऊ और मुंबई) में आवास पंजीकरण प्राधिकरणों से प्राप्त लेनदेन-स्तर के आंकड़ों के आधार पर, 2022-23 की पहली तिमाही के लिए अपना त्रैमासिक आवास मूल्य सूचकांक (एचपीआई)[1] (आधार: 2010-11=100) जारी किया। अखिल भारतीय और शहर-वार एचपीआई संबंधी समय-शृंखला डेटा बैंक के भारतीय अर्थव्यवस्था पर डेटाबेस (डीबीआईई) पोर्टल (https://dbie.rbi.org.in/DBIE/dbie.rbi?site=statistics > Real Sector > Price & Wages> Quarterly) पर उपलब्ध हैं।

मुख्य बिन्दु:

- अखिल भारतीय आवास मूल्य सूचकांक (एचपीआई) में 2022-23 की पहली तिमाही में 3.5 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि (वाई-ओ-वाई) दर्ज की गई, जो पिछली तिमाही में 1.8 प्रतिशत और एक वर्ष पहले 2.0 प्रतिशत थी; सभी शहरों के लिए एचपीआई मे वर्ष-दर-वर्ष गतिशीलता व्यापक रूप से भिन्न रही - यह 16.0 प्रतिशत (कोलकाता) की वृद्धि से लेकर 4.0 प्रतिशत (बेंगलुरु) तक के संकुचन पर रही।
- क्रमिक (क्यू-ओ-क्यू) आधार पर, अखिल भारतीय एचपीआई में 2022-23 की पहली तिमाही में 2.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी; जबकि दिल्ली, कोलकाता और जयपुर के सूचकांक में क्रमिक संकुचन दर्ज किया गया, शेष शहरों के लिए इसमें वृद्धि दर्ज की गई।

चार्ट 1: अखिल भारतीय आवास मूल्य सूचकांक की गतिशीलता



(योगेश दयाल)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2022-2023/795

[1] एचपीआई के संकलन की पद्धति के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक बुलेटिन के अक्टूबर 2014 के अंक में प्रकाशित आलेख "आवास मूल्य सूचकांक: 2010-11 से 2013-14" (https://www.rbi.org.in/Scripts/BS_ViewBulletin.aspx) का संदर्भ लें।